Reporters Required!
For
Delhi, Haryana, UP, Ludhiana, Shimla, Bihar, Jammu, Jaipur Amritsar, Bathinda,
Call/WhatsApp:
+91-9157875000
+91-9041488440
Email:
azadvaani65@gmail.com

Monthly Hindi/English Newspaper

Published from SAS Nagar (Mohali)

# Azad वाणी

NEWS • VIEWS • ANALYSIS

RNI No. PBBIL/26/A0779






# मोहाली में 'कैच द रेन-2026' अभियान की शुरुआत, वर्षा जल संचयन पर रहेगा जोर



मोहाली, 12 जुलाई: जल संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देने और भूजल स्तर में लगातार हो रही गिरावट पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से नगर निगम मोहाली ने 'कैच द रेन-2026' अभियान की शुरुआत की है। यह अभियान पूरे एक माह तक चलेगा, जिसके दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को वर्षा जल संचयन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) अपनाने, भूजल पुनर्भरण को बढ़ावा देने तथा जल संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूक करना है।

नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार, बदलते जलवायु परिदृश्य और भूजल के अत्यधिक दोहन के कारण जल संकट की चुनौती लगातार बढ़ रही है। ऐसे में वर्षा जल का वैज्ञानिक ढंग से संग्रहण और उसका प्रभावी उपयोग भविष्य की जल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अत्यंत आवश्यक है।

इसी सोच के साथ नगर निगम ने इस विशेष अभियान की शुरुआत की है, जिसमें समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा।

अभियान के तहत शहर के सरकारी एवं निजी विद्यालयों, कॉलेजों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों (आरडब्ल्यूए), औद्योगिक इकाइयों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों को जोड़ा जाएगा।

स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए जागरूकता व्याख्यान, चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिताएं, शपथ ग्रहण कार्यक्रम और जल संरक्षण विषयक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। वहीं आरडब्ल्यूए और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में विशेषज्ञों द्वारा वर्षा जल संचयन प्रणालियों की उपयोगिता, रखरखाव और भूजल पुनर्भरण के प्रभावी तरीकों की जानकारी दी जाएगी।

नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने घरों, कार्यालयों, संस्थानों और व्यावसायिक परिसरों में वर्षा जल संचयन प्रणाली स्थापित करें तथा पहले से स्थापित प्रणालियों का नियमित रखरखाव सुनिश्चित करें। इसके साथ ही लोगों को जल का विवेकपूर्ण उपयोग करने, अनावश्यक बर्बादी रोकने और वर्षा के पानी को संरक्षित करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

अधिकारियों का कहना है कि यदि प्रत्येक नागरिक जल संरक्षण की दिशा में अपनी जिम्मेदारी निभाए तो भूजल स्तर में सुधार लाया जा सकता है और भविष्य में संभावित जल संकट से काफी हद तक बचा जा सकता है।

नगर निगम का मानना है कि 'कैच द रेन-2026' अभियान केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा एक व्यापक सामाजिक अभियान है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अभियान के दौरान शहरभर में जनसंपर्क गतिविधियां, जागरूकता रैलियां, कार्यशालाएं और संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक नागरिक इस पहल से जुड़कर जल संरक्षण को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बना सकें।

## मुख्यमंत्री सुक्खू ने 'हाई वैल्यू नट मिशन' की घोषणा, बागवानों की आय बढ़ाने पर फोकस



शिमला, 12 जुलाई: हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राज्य में बागवानी क्षेत्र को नई दिशा देने के उद्देश्य से 'हाई वैल्यू नट मिशन (2026–2031)' शुरू करने की घोषणा की है। इस महत्वाकांक्षी मिशन के तहत अखरोट, बादाम, खुबानी और चिलगोजा जैसी उच्च मूल्य वाली मेवा फसलों की खेती को बड़े स्तर पर प्रोत्साहित किया जाएगा।

राज्य सरकार का उद्देश्य किसानों और बागवानों की आय में वृद्धि करना, पारंपरिक खेती के साथ उच्च मूल्य वाली बागवानी को बढ़ावा देना तथा हिमाचल के पर्वतीय क्षेत्रों की कृषि क्षमता का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करना है। मिशन के तहत गुणवत्तापूर्ण पौधे उपलब्ध कराने, आधुनिक खेती तकनीकों को बढ़ावा देने, वैज्ञानिक सलाह, प्रशिक्षण और विपणन सुविधाओं को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

## हरियाणा में क्यूआर कोड आधारित शराब ट्रैकिंग प्रणाली लागू, हर बोतल की होगी डिजिटल निगरानी




चंडीगढ़, 12 जुलाई: हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्य में शराब की बिक्री और आपूर्ति व्यवस्था को अधिक पारदर्शी एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से उन्नत ट्रैक एंड ट्रेस (Track & Trace) प्रणाली का शुभारंभ किया। नई डिजिटल व्यवस्था के तहत अब राज्य में बिकने वाली प्रत्येक शराब की बोतल पर एक विशिष्ट क्यूआर कोड (Q R Code) लगाया जाएगा, जिससे उसकी निर्माण इकाई से लेकर अंतिम बिक्री तक हर चरण की निगरानी की जा सकेगी।

सरकार के अनुसार इस आधुनिक प्रणाली का मुख्य उद्देश्य अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाना, कर चोरी को नियंत्रित करना तथा शराब की पूरी आपूर्ति श्रृंखला (सप्लाई चेन) की रियल-टाइम निगरानी सुनिश्चित करना है। क्यूआर कोड को स्कैन कर संबंधित अधिकारी और अधिकृत एजेंसियां बोतल की वास्तविकता, स्रोत और वितरण संबंधी जानकारी तुरंत प्राप्त कर

## 'गैंगस्टरों ते वार' का 173वां दिन: पंजाब पुलिस की 1074 ठिकानों पर छापेमारी, 911 गिरफ्तार

चंडीगढ़, 12 जुलाई:पंजाब सरकार के निर्देशों पर राज्य को अपराध और नशे के प्रभाव से मुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियानों के तहत पंजाब पुलिस ने शनिवार को व्यापक कार्रवाई करते हुए 'गैंगस्टरों ते वार' अभियान के 173वें दिन पूरे प्रदेश में चिन्हित और मैप किए गए 1074 स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। इस अभियान के दौरान 911 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि छह अवैध हथियार भी बरामद किए गए। इसके साथ ही अभियान की शुरुआत से अब तक कुल गिरफ्तारियों का आंकड़ा बढ़कर 47,685 तक पहुंच गया है।

गौरतलब है कि 'गैंगस्टरों ते वार' अभियान की शुरुआत 20 जनवरी, 2026 को पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव द्वारा राज्य को गैंगस्टर मुक्त बनाने के उद्देश्य से की गई थी। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पंजाब के समन्वय में सभी पुलिस जिलों की टीमें लगातार संयुक्त अभियान चलाकर गैंगस्टरों, उनके सहयोगियों और आपराधिक नेटवर्क पर शिकंजा कस रही हैं।

पुलिस ने बताया कि शनिवार को चलाए गए विशेष अभियान के दौरान गैंगस्टरों से जुड़े संदिग्ध ठिकानों की गहन तलाशी ली गई। इस दौरान छह हथियार बरामद किए गए और 911 लोगों को हिरासत में लिया गया। इसके अतिरिक्त 510 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियाती कार्रवाई भी की गई ताकि कानून-व्यवस्था बनाए रखी जा सके। अभियान के दौरान 19 भगोड़े अपराधियों को भी




गिरफ्तार करने में सफलता मिली।

पंजाब पुलिस ने आम जनता से भी अपील की है कि यदि किसी गैंगस्टर, वांछित अपराधी या किसी आपराधिक गतिविधि के संबंध में जानकारी हो तो उसे एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर 93946-93946 पर पूरी तरह गोपनीय तरीके से साझा किया जा सकता है। पुलिस का कहना है कि जनता का सहयोग अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

इसी क्रम में पंजाब पुलिस ने नशों के खिलाफ चलाए जा रहे 'युद्ध नशों विरुद्ध' अभियान के 498वें दिन भी राज्यभर में सघन कार्रवाई जारी रखी।

पुलिस के अनुसार, 'युद्ध नशों विरुद्ध' अभियान के तहत पिछले 498 दिनों में कुल 73,505 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया जा चुका है। केवल गिरफ्तारी तक ही सीमित न रहकर पुलिस नशे के शिकार लोगों के पुनर्वास पर भी विशेष ध्यान दे रही है।

पंजाब पुलिस ने दोहराया कि राज्य में अपराध और नशे के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा तथा गैंगस्टरों, उनके सहयोगियों और नशा तस्करों के विरुद्ध कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाती रहेगी। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि वे कानून-व्यवस्था बनाए रखने और समाज को सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस का सहयोग करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत साझा करें।

## पंजाब में एस.आई.आर. अभियान को बड़ी सफलता: दो दिवसीय विशेष शिविरों में 30 लाख से अधिक गणना प्रपत्र जमा




चंडीगढ़, 12 जुलाई:पंजाब में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एस.आई.आर.) अभियान को व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। राज्यभर के सभी मतदान केंद्रों पर 11 और 12 जुलाई को आयोजित दो दिवसीय विशेष एस.आई.आर. शिविरों के दौरान 30 लाख से अधिक मतदाताओं ने अपने गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) भरकर जमा कराए। इस उपलब्धि के साथ पिछले 18 दिनों में कुल 1.30 करोड़ से अधिक मतदाता अपने गणना प्रपत्र निर्वाचन विभाग के पास जमा करा चुके हैं।

पंजाब की मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सी.ई.ओ.) अनिंदिता मित्रा ने बताया कि विशेष शिविर सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक राज्य के सभी मतदान केंद्रों पर आयोजित किए गए। इन शिविरों में बड़ी संख्या में मतदाताओं ने पहुंचकर अपने भरे हुए गणना प्रपत्र संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों (बी.एल.ओ.) को सौंपे। उन्होंने कहा कि मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी यह दर्शाती है कि लोग मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाए रखने के प्रति जागरूक हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि घर-घर जाकर गणना प्रपत्र एकत्र करने की प्रक्रिया अभी भी जारी है और यह अभियान 24 जुलाई, 2026 तक चलेगा। इस दौरान बी.एल.ओ. प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंचकर प्रपत्र प्राप्त कर रहे हैं ताकि कोई भी योग्य नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे।

उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक सटीक, पारदर्शी और अद्यतन बनाना है। इसी उद्देश्य से निर्वाचन विभाग लगातार घर-घर जाकर सत्यापन कर रहा है और मतदाताओं को समय पर अपने गणना प्रपत्र जमा करने के लिए प्रेरित कर रहा है।

अनिंदिता मित्रा ने उन सभी मतदाताओं से विशेष अपील की, जिन्होंने अभी तक अपने गणना प्रपत्र जमा नहीं कराए हैं, कि वे बिना किसी देरी के अपने संबंधित बी.एल.ओ. से संपर्क करें और निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपना प्रपत्र जमा कराएं। उन्होंने कहा कि समय पर प्रपत्र जमा करना प्रत्येक मतदाता की जिम्मेदारी है और इससे मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित होगी।



herbegy™
Think pure think herbal

# PREMIUM SPICES RANGE

## Pure Spice. Rich Flavour.




## PURE | AROMATIC | PREMIUM QUALITY

Advertisement

**For Dealer Inquiry Contact:**

**727-515-0015**

Printed by: Desh Sewak Printers Limited, Sector-29-D, Chandigarh – 160030 and Published by: Shafiur Rahman from #2111 SF, TDI City, Sector-110, Mohali, Sahibzada Ajit Singh Nagar, Punjab – 140307. Owner, Publisher & Chief Editor: Shafiur Rahman. Title Verification Number: PBBIL/26/A0779. Periodicity: Monthly.